# नोखा विधायक की गाड़ी से टक्कर में घायल नर्सिंग कर्मी की मौत

- नोखा विधायक राजमाता सुशीला कुमारी के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए पीबीएम अस्पताल के आगे से जूनागढ़ की तरफ जा रहे थे
- इसी वक्त हसन अस्पताल के मैन गेट से बाइक पर बाहर निकला और एमएलए की गाड़ी के आगे के हिस्से से टक्कर हो गई
- नर्सिंग कर्मचारी ट्रोमा सेंटर पर धरने पर बैठ गए, उन्होंने हसन के परिजनों को एक करोड़ रूपए का मुआवजा देने की मांग की

**बीकानेर,** (कासं)। नोखा विधायक बिहारीलाल बिश्नोई की गाड़ी से टकराने पर देर रात एक नर्सिंग कर्मी की मौत हो गई। बिश्नोई पूर्व राजामाता की अंतिम यात्रा में शामिल होने जूनागढ़ जा रहे थे तभी सुबह पीबीएम हॉस्पिटल के बाहर बाइक सवार हसन उनकी गाड़ी से टकरा गया। ट्रोमा सेंटर में कार्यरत हसन नाइट शिफ्ट खत्म करके घर जा रहा था। टक्कर इतनी तेज हुई की हसन की जांघ की हड्डी टूट हो गई।

बताया जा रहा है कि विधायक तत्काल अपनी गाड़ी में घायल को ट्रोमा सेंटर पहुंचाया। उसे पीबीएम हॉस्पिटल के आईसीयू में भर्ती किया गया। बॉडी में फैक्चर के अलावा कई अंदरूनी चोटें थीं। इसके चलते दोपहर बाद हसन की तबीयत बिगड़ती गई। वेंटीलेटर पर लेना पड़ा। बाद में अस्पताल प्रशासन ने जयपुर रैफर कर दिया। रास्ते में रात 11 बजे हसन की हालत ज्याद बिगड़ने लगी तो चौमूं के पास ही एक प्राईवेट अस्पताल में ले जाया गया। यहां डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया।

उधर हादसे के बाद विधायक ने अपनी गाड़ी सदर थाने में जमा करवा दी। पीबीएम हॉस्पिटल के अधीक्षक डॉ. पी. के. सैनी ने बताया कि नर्सिंगकर्मी हसन के माता-पिता की भी एक साल पहले ही मौत हो गई थी। विधायक राजमाता सुशीला कुमारी के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए पीबीएम अस्पताल के आगे से जूनागढ़ की तरफ जा रहे थे।

इसी वक्त हसन अस्पताल के मैन गेट से बाइक पर बाहर निकला और एमएलए की गाड़ी के आगे के हिस्से से टक्कर हो गई। हसन के घायल होने की सूचना मिलते ही अस्पताल के नर्सिंगकर्मी और सीनियर डॉक्टर्स पहुंच गए थे।

एक्सरे में तीन जगह फैक्चर का पता चल गया। तुरंत इलाज शुरू किया गया। बाद में एसपी मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. गुंजन सोनी और अस्पताल अधीक्षक डॉ. पी. के. सैनी आये। दोपहर बाद हसन को पीबीएम अस्पताल से जयपुर के लिए रैफर किया गया। एसपी मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. गुंजन सोनी ने बताया कि हसन को अंदरूनी चोटें आई थीं। लंग्स में खून का थक्का बन गया था। इससे ब्लड सर्कुलेशन में दिक्कत शुरू हो गई। परिजनों के कहने पर उसे जयपुर के लिए रैफर किया गया। अस्पताल का स्टाफ भी साथ में भेजा गया। उधर नर्सिंग कर्मियों में इस बात को लेकर आक्रोश है कि विधायक बिहारीलाल स्वयं एक बार भी अस्पताल नहीं आये। हालांकि उनके गनमैन व निजी सचिव इलाज के दौरान अस्पताल में मौजूद रहे। वहीं सोमवार सुबह नर्सिंग कर्मचारी ट्रोमा सेंटर पर धरने पर बैठ गए। उन्होंने हसन के परिजनों को एक करोड़ रूपए का मुआवजा देने की मांग की। साथ ही विधायक से निजी तौर पर पचास लाख रूपए मुआवजे की मांग रखी गई है। सदर थानाधिकारी लक्ष्मण सिंह ने बताया कि इस मामले में अब तक एफआईआर दर्ज नहीं कराई गई है। हसन के परिजनों की ओर से कोई रिपोर्ट नहीं लिखाई गई है। परिजन कल इलाज में व्यस्त रहे। विधायक की गाड़ी अब तक थाने में खड़ी है। रिपोर्ट मिलने पर एफआईआर दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# बंधी नहीं देने पर बदमाशों ने निजी बस के कांच तोड़े

- बंधी नहीं देने पर बस मालिक को गैंग के बदमाशों ने जान से मारने की धमकी दी

**बीकानेर,**(कासं)। जिले में हफ्ता वसूली गैंग के बदमाशों ने बंधी नहीं देने पर बस के कांच तोड़ दिए। इतना ही नहीं आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी है।

पिछले तीन महीने से गैंग के बदमाश बस मालिक को धमका रहे हैं कि अगर उसकी गैंग को बंधी नहीं दी तो उसे जान से मार देंगे। बस मालिक ने आरोपियों के खिलाफ कोटगेट थाने में रिपोर्ट लिखवाई है। वल्लभ गार्डन निवासी श्रवण सिंह पुत्र रामसिंह राजपूत ने पुलिस को रिपोर्ट दी कि उसकी बस बीकानेर से जयपुर के बीच चलती है। पिछले तीन महीने से खींव सिंह, सुरेंद्र सिंह, राजन बन्ना और जैकी बन्ना उसे और उसके स्टाफ को हफ्ता देने का दबाव बना रहे हैं।

10 मार्च को कार में बैठकर आये उक्त बदमाशों ने सादुल सिंह सर्किल के पास खड़ी बस के कांच तोड़ दिए। आरोपियों ने कंडेक्टर विजय सिंह के साथ थाप-मुक्कों से मारपीट भी की।

इस बीच चालक मंगतूराम ने भागकर अपनी जान बचाई। कोटगेट पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश करनी शुरू कर दी है। उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ महीनों से शहर के अधिकांश हिस्सों में बदमाशों की गैंग सक्रिय है, जो हफ्ता वसूली और बंधी देने के लिए लोगों पर दबाव बना रहे हैं।

**गैंगस्टर को फोलो करना पड़ा महंगा :** नोखा में आपराधिक प्रवृति के लोगों का महिमा मंडन और फोलोवर बनने के प्रेरित करने वाले एक युवा को नोखा पुलिस ने देर रात को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी ईश्वर प्रसाद जांगिड़ ने बताया कि सोशल मीडिया पर आपराधिक गैंग के ग्रुप को फोलो करने, उनके पोस्ट को शेयर करने साथ ही हथियार के साथ पोस्ट करने के मामले में पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। नोखा पुलिस ने कानपुरा बस्ती निवासी आदेश बिश्नोई को गिरफ्तार किया।


**कार्यालय नगरपरिषद, श्रीगंगानगर**

क्रमांक: 1237 दिनांक: 08.03.2023

**आपत्ति सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित एवं प्रकाशित किया जाता है प्रार्थीयान श्री रंजक जसूजा व श्री रिशभ जसूजा पिसरान श्री रविन्द्र मोहन जसूजा ने आवेदन पत्र, शपथ पत्र, व अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर मकान संख्या 41 पी ब्लॉक श्रीगंगानगर साईज 30 गुणा 50 फीट अपने नाम से परिषद रिकार्ड में दर्ज कर नामान्तरण करवाने हेतु निवेदन किया हैं।

यह कि प्रशनगत मकान प्रस्तुत दस्तावेजों के अनुसार मकान संख्या 41 पी ब्लॉक श्रीगंगानगर का आवंटन गुरदीप कौर पत्नी श्री अमरजीत सिंह के नाम से जारीशुदा है। आवंटन से आवेदक तक चैन पूर्ण एवं पंजीकृत है। श्री बनवारीलाल जसूजा पुत्र श्री बूटाराम द्वारा अपने जीवन काल में मकान संख्या 41 पी ब्लॉक श्रीगंगानगर साईज 30 गुणा 50 फीट की वसीयत श्री रंजक जसूजा व श्री रिशभ जसूजा पिसरान श्री रविन्द्र मोहन जसूजा के हक में कर दी। वसीयत पंजीकृत है। प्रस्तुत मृत्यु प्रमाण पत्र अनुसार वसीयतकर्ता श्री बनवारीलाल जसूजा पुत्र श्री बूटाराम का देहांत दिनांक 24.06.2017 को हो चुका है। उपरोक्तानुसार नामांतरण चाहा गया है।

नामांतरण जारी करने से पूर्व यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह आपत्ति सूचना के प्रकाशन से 07 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति मय सबूत दस्तावेज इस कार्यालय में प्रस्तुत कर देवे अन्यथा समयावधि बीत जाने के बाद नामांतरण जारी करने की कार्यवाही नगर परिषद द्वारा अमल में लाई जावेगी। इसके पश्चात् कोई उज्जर मान्य नहीं होगा।

आयुक्त, नगरपरिषद, श्रीगंगानगर


## चयनित वेतनमान न लगाने पर रोष

**बीकानेर,**(कासं)। 2023 अखिल भारतीय सफाई श्रमिक कांग्रेस ने बीकानेर नगर निगम में वर्ष 2012-13 में नियुक्त सफाई कार्मिकों का 9, 18 वर्ष 27 वर्ष की सेवावधि पर 9 वर्षीय सेवा अवधि पूर्ण पर भी चयनित वेतनमान न लगाने पर संगठन ने निगम प्रशासन की कार्यप्रणाली पर प्रश्न चिन्ह लगाते हुए रोष व्यक्त किया है।

इस संबंध में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश राजस्थानी ने बताया कि निगम प्रशासन से निरंतर पत्राचार के बाद भी कार्यवाही वांछनीय है। राजस्थानी ने कहा जो कार्यवाही सामान्य प्रक्रिया के तहत स्वतः ही हो जानी चाहिए। पर आज तक सफाई कर्मियों का चयनित वेतनमान न लगने से सफाई कर्मी आक्रोशित है। निगम प्रशासन को गंभीरता से लेकर अविलम्ब वांछित कार्यवाही करनी चाहिए। मुकेश राजस्थानी ने कहा कि निगम सफाई कार्मिकों का 9 वर्षीय पूर्ण हो जाने पर चयनित वेतनमान आज तक स्वीकृत नहीं किया गया।

# देवर-भाभी ने ट्रेन के आगे कूदकर की आत्महत्या

- पुलिस ने प्रेम प्रसंग की आशंका जताई, दोनों रंगमहल गांव के रहने वाले थे

**सूरतगढ़,** (कासं)। सूरतगढ़ क्षेत्र में प्रेम प्रसंग के चलते रिश्ते में देवर भाभी ने ट्रेन के आगे आकर सुसाइड कर लिया। घटना सूरतगढ़ हनुमानगढ़ रेलवे ट्रैक पर रंगमहल रेलवे स्टेशन के पास की है। वहीं मौके पर पहुंची रेलवे पुलिस ने शव को सूरतगढ़ के राजकीय चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाते हुए पोस्टमार्टम की कार्वाई की गई।

हनुमानगढ़ जीआरपी के थाना प्रभारी भगवान सिंह मीणा ने बताया रंगमहल गांव के नई बरेकां निवासी केसराराम (20) पुत्र पृथ्वीराज मेघवाल और उसकी रिश्ते में भाभी सुनीता (38) पत्नी मनसाराम मेघवाल में प्रेम प्रसंग होने की बात सामने आई है। जिसके चलते दोनों घर से बाइक पर सवार होकर निकल गए और सूरतगढ़-हनुमानगढ़ रेलवे ट्रैक पर गांव रंगमहल स्टेशन के समीप फाटक के पास जोधपुर-बठिंडा ट्रेन के आगे आकर आत्महत्या कर ली।

थाना प्रभारी भगवान सिंह ने बताया कि रंगमहल रेलवे स्टेशन अधीक्षक की सूचना मिलने पर वे मौके पर पहुंचे तथा दोनों के शवों को सूरतगढ़ के राजकीय चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाते हुए परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम करवाकर उन्हें सौंप दिए गए। कार्रवाई के दौरान रंगमहल के सरपंच विजय सिंह ताखर और पूर्व सरपंच आसकरण जालप समेत ग्रामीण मौके पर मौजूद थे।

**कार-बाइक में भिड़ंत :** अनूपगढ़, पंचायत समिति के गांव 6 पी और पतरोडा के बीच में देर शाम एक कार और मोटरसाइकिल की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई जिसमें बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटनाग्रस्त हुई कार ड्राइवर ने राहगीरों की मदद से घायल व्यक्ति को अनूपगढ़ के राजकीय चिकित्सालय भिजवाया। जहां चिकित्सकों के द्वारा घायल का प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे हायर सेंटर के लिए रैफर कर दिया। सूचना मिलने पर अनूपगढ़ पुलिस थाने के एसआई अनूप सिंह मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी।

जैसे ही इसकी सूचना घायल व्यक्ति के परिजनों को मिली घायल के काफी संख्या में परिजन राजकीय चिकित्सालय पहुंचे। घायल व्यक्ति चेतन वधवा पुत्र ओमप्रकाश घड़साना के वार्ड नंबर 3 अमर कॉलोनी निवासी निवासी है।

# शादी समारोह में खुशी से फायर करना महंगा पड़ा

- फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हुई तो पुलिस ने अपने स्तर पर ही दो युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है
- लाइसेंसी हथियार का उपयोग गलत तरीके से होने पर हथियार जब्त

**बीकानेर,**(कासं)। शादी समारोह में खुशी से फायर करना महंगा पड़ गया। फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हुई तो पुलिस ने अपने स्तर पर ही दो युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। अब दोनों की गिरफ्तारी की जायेगी।

मामला लूणकरनसर के रोझा गांव का बताया जा रहा है। लूणकरनसर पुलिस के कांस्टेबल ने ही दो युवकों की पहचान करके अपने स्तर पर एफआईआर करवाई है। रोझा गांव में 11 मार्च को चक 11 सीएचडी में किसी समारोह के दौरान एक लाइसेंसी हथियार से दो फायर किये गए। एक मित्र से लाइसेंसी हथियार लेकर फायर करते हुए के फोटो और वीडियो बनाए गए। बाद में ये फोटो-वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किए गए। पुलिस के पास ये वीडियो पहुंच गया।

इस पर थाने के हैड कांस्टेबल सुरेश कुमार ने एफआईआर दर्ज करवाई। जिसमें बजरंग पुत्र सुभाष निवासी रोझा और रामसिंह पुत्र भंवरलाल निवासी नोखा पर सोशल मीडिया पर हथियार के साथ फोटो वायरल करने और आम लोगों में भय व्याप्त करने का आरोप लगाया है। दोनों युवकों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। लाइसेंसी हथियार का उपयोग गलत तरीके से होने पर हथियार जब्त हो सकता है और आगे से लाइसेंस नहीं देने का निर्णय भी प्रशासन कर सकता है।


**प्रपत्र– 'जी'**

अभिरूचि की अभिव्यक्ति हेतु आमंत्रण

**पीपीएग्रो इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कृषि उत्पाद के निर्माण में कोलायत इकाई, बीकानेर (राजस्थान) में परिचालन**

भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (कार्पोरेट व्यक्तियों के लिए ऋण शोध अक्षमता समाधान प्रक्रिया) विनियमावली, 2016 के विनियम 36ए (1) के अधीन

प्रासंगिक विवरण

| | | |
|---|---|---|
| 1. | **कॉर्पोरेट देनदार का नाम साथ में पैन/सीआईएन/एलएलपी नं.** | **पीपीएग्रो इंडिया प्राइवेट लिमिटेड सीआईएन:U51224RJ2014PTC045480** |
| 2. | पंजीकृत कार्यालय का पता | 6–डी–55, जय नारायण व्यास कॉलोनी, बीकानेर – 334001 |
| 3. | वेबसाइट का यूआरएल | कुछ नही |
| 4. | उस स्थान का विवरण जहां अधिकांश अचल संपत्तियां स्थित हैं | खसरा न. 742, कनासर बॉय पास रोड, उपनिवेशन तहसील कोलायत, बीकानेर–334001 (राजस्थान) |
| 5. | मुख्य उत्पादों / सेवाओं की स्थापित क्षमता | सीडी का संचालन बंद है। अंतिम उपलब्ध अंकेक्षित वित्तीय विवरण वित्तीय वर्ष 2020–21 के हैं |
| 6. | मुख्य उत्पादों की मात्रा और मूल्य / पिछले वित्तीय वर्ष में बेची गई सेवाएं | वित्तीय वर्ष 2020–21 के वित्तीय विवरण के अनुसार: मात्रा: निश्चित नहीं, मूल्य (रु.) करोड़ में: 7.30 |
| 7. | कर्मचारियों / कामगार की संख्या | कुछ नही |
| 8. | दो वर्षो के अंतिम उपलब्ध वित्तीय विवरण (अनुसूची के साथ), लेनदारों की सूची, प्रक्रिया की बाद की घटनाओं के लिए प्रासंगिक तिथियां सहित अधिक विवरण यहां उपलब्ध हैं | ई–मेल आईडी: cirp.ppagro@gmail.com पर विशिष्ट अनुरोध करके ई–मेल के माध्यम से संभावित समाधान आवेदक द्वारा विवरण मांगा जा सकता है। |
| 9. | संहिता की धारा 25(2)(एच) के तहत समाधान आवेदकों के लिए पात्रता यहां उपलब्ध है | ई–मेल आईडी: cirp.ppagro@gmail.com पर विशिष्ट अनुरोध करके ई–मेल के माध्यम से संभावित समाधान आवेदक द्वारा विवरण मांगा जा सकता है। |
| 10. | अभिरूचि की अभिव्यक्ति की प्राप्ति हेतु अंतिम तिथि | 03 अप्रैल 2023 |
| 11. | संभावित समाधान आवेदकों की अंतिम सूची जारी करने की तिथि | 08 अप्रैल 2023 |
| 12. | अंतरिम सूची के बारे में आपत्तियां प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तिथि | 13 अप्रैल 2023 |
| 13. | ईओआई जमा करने के लिए संसाधित ईमेल आईडी | cirp.ppagro@gmail.com |

हस्ता /–
कमल कुमार जैन
डीम्ड समाधान प्रोफेशनल, पीपीएग्रो इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
आईपी पंजीकरण सं.: IBBI/IPA-001/IP-P00092/2017-18/10192
एएफए प्रमाणपत्र सं.: AA1/10192/02/131123/104782 वैध: 13.11.2023 तक
पता: 315–ए, रोड नं.2, शांति नगर, गोपालपुरा बयेपास, दुर्गापुरा, जयपुर, राजस्थान –302018

तिथि : 14.03.2023
स्थान : जयपुर


# गैस सिलेंडर के दामों में बढ़ोतरी का विरोध, महिलाओं का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

- महिलाओं ने 3 घंटे तक धरना लगाकर चूल्हे पर रोटी बनाकर खुद खाई और दूसरों को भी खिलाई

**बीकानेर,**(कासं)। अखिल भारतीय जनवादी महिला की समिति की ओर से सोमवार को गैस सिलेंडरों के दामों में बढ़ोतरी के विरोध में कलेक्ट्रेट समक्ष महिलाओं ने आक्रोश प्रदर्शन किया।

समिति की राज्य महासचिव डॉ सीमा जैन ने बताया कि आज बीकानेर जिला कमेटी ने 'लंच विद प्राइम मिनिस्टर' कार्यक्रम का आयोजन बीकानेर कलेक्ट्रेट पर किया गयो जिसकी अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष रजिया ने की। जिला सचिव फरजाना ने बताया कि इस विरोध प्रदर्शन में विभिन्न कमेटियों के पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। राज्य महासचिव डॉ सीमा जैन बताया कि विरोध प्रदर्शन अनोखे तरीके से करते हुए खाली गैस सिलेंडर को फूल माला पहनाकर, चूल्हे की अगरबत्ती की गई और ईंटों का चूल्हा बनाकर गोबर की थेपडियों से रोटियां बनाकर नमक मिर्च की चटनी और रोटी का भोग प्रधानमंत्री की फोटो को लगाकर आरती उतारते हुए 'मोदी सरकार तुम शर्म करो.., मोदी सरकार तुम होश में आओ..', गैस सिलेंडरों की बढ़ी हुई कीमतें वापस लो के नारों से उतारी गई।

महंगाई को और ज्यादा तेज करने के लिए गैस सिलेंडरों के दामों में बढ़ोतरी का महिलाओं ने कड़ा विरोध करते हुए कहा कि उज्वला के नाम पर महिलाओं को बेवकूफ बनाया गया। अब लगातार दामों में बढ़ोतरी के साथ जनता का जीना बेहाल हो गया है। गरीब महिलाएं सिलेंडर भरवाने में असमर्थ है। महिलाओं ने 3 घंटे तक धरना लगाकर चूल्हे पर रोटी बनाकर खुद खाई और दूसरों को भी खिलाई। प्रदर्शन का नेतृत्व हसीना, शांति, उर्मिला, रमजानी, मोनिका, सुगरा, मुन्नी, खातून, विमला, लक्ष्मी पाल, बिस्मिल्लाह आदि ने किया।

## डॉ राधिका 50 मुख्य लेखकों में शामिल

**बीकानेर,**(कासं)। सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज के फार्माकोलॉजी विभाग की सहायक आचार्य डॉ. राधिका को नई दिल्ली की संस्था क्रिटिकस्पेस जर्नल की टीम और जूरी द्वारा भारत के 50 मुख्य लेखकों में शामिल किया गया है। इस उपलब्धि पर संस्था द्वारा उन्हें प्रमाण पत्र एवं ट्रॉफी भेंट कर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि फार्माकोलॉजी पॉड कास्ट निर्माण व पुस्तक लेखन में योगदान के लिए के लिए डॉ. राधिका को फॉक्स स्टोरी इंडिया द्वारा वर्ष 2023 की महिला चेहरे के रूप में चुना गया।

## जनसुनवाई 16 को

**श्रीगंगानगर,**(कासं)। आमजन की परिवेदनाओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान हेतु जिला स्तर पर जनसुनवाई की बैठक का आयोजन 16 मार्च को प्रात: 11 बजे कलेक्ट्रेट श्रीगंगानगर के वीडियो कांफ्रेंस कक्ष में रखा गया है। बैठक की अध्यक्षता जिला कलेक्टर करेंगे। जनसुनवाई में परिवादियों द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र एवं सम्पर्क पोर्टल की विस्तृत समीक्षा के साथ त्रिस्तरीय जनसुनवाई के लम्बित प्रकरणों की समीक्षा की जायेगी।







